भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 1865

उत्तर देने की तारीख : 11.12.2025

कोलकाता में एमएसएमई टूल रूम

1865. श्री जगन्नाथ सरकार:

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्षेत्र में एमएसएमई को सहायता के रूप में प्रदान की जा रही सुविधाओं और सेवाओं सहित कोलकाता में एमएसएमई टूल रूम की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान टूल रूम द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की संख्या कितनी है और क्षेत्र और कौशल स्तर के अनुसार वर्गीकृत लाभान्वित हुए प्रशिक्षुओं की संख्या कितनी है;

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान टूल रूम में प्रशिक्षण अवसंरचना और प्रौद्योगिकी के उन्नयन के लिए आवंटित/उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है और कोलकाता तथा आसपास के क्षेत्रों में एमएसएमई के लिए प्रशिक्षण क्षमता बढ़ाने और उन्नत कौशल विकास कार्यक्रम शुरू करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं ; और

(घ) क्या मंत्रालय ने एमएसएमई टूल रूम, कोलकाता में प्रशिक्षण मानकों और प्रौद्योगिकी अपनाने में सुधार करने के लिए उद्योगों या अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ कोई सहयोग किया है और यदि हां, तो इसका तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा करांदलाजे)

(क) : एमएसएमई टूल रूम [केन्द्रीय टूल रूम और प्रशिक्षण केन्द्र (सीटीटीसी)], कोलकाता टूल्स, डाइज, मोल्ड्स, प्रीसीजन घटकों और संबंधित क्षेत्रों में परामर्शी सेवाओं के जरिए उद्योगों विशेषकर एमएसएमई को प्रौद्योगिकीय सहायता प्रदान करता है। यह उद्योग-उन्मुख कौशल कार्यक्रमों का भी आयोजन करता है। यह केन्द्र आधुनिक कम्प्यूटर न्यूमेरिकल कन्ट्रोल (सीएनसी), मशीनों, इलेक्ट्रिकल डिस्चार्ज मशीन (ईडीएम), वैक्यूम हीट ट्रीटमेंट फर्नेस, उन्नत डिजाइन तथा विनिर्माण सॉफ्टवेयर से युक्त है।

(ख) : विगत तीन वर्षों (2022-23 से 2024-25) के दौरान, सीटीटीसी कोलकाता ने अल्पावधि प्रशिक्षण कार्यक्रमों सहित लेवल 3 से 7 तक के एनएसक्यूएफ के 234 प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया और 16,589 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षित किया। विगत तीन वर्षों के दौरान प्रशिक्षित किए गए प्रशिक्षुओं का क्षेत्र-वार ब्यौरा निम्नानुसार है:-

क्षेत्र	**प्रशिक्षित प्रशिक्षुओं की संख्या**
कैपिटल गुड्स और मैन्युफैक्चरिंग	11,329
निर्माण कार्य	564
इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और डिज़ाइन	244
इलेक्ट्रॉनिक्स और हार्डवेयर	1,783
सूचना प्रौद्योगिकी और आईटीईएस	218
लोहा और इस्पात	457
विद्युत	34
विविध (इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग, प्रोजेक्ट वर्क, सेमिनार आदि)	1,960
कुल	**16,589**

(ग) : विगत पांच वर्षों के दौरान सीटीटीसी कोलकाता में प्रशिक्षण अवसंरचना और प्रौद्योगिकी के उन्नयन के लिए संस्वीकृत/उपयोग की गई सहायता अनुदान राशि 21.87 करोड़ रुपए है। प्रशिक्षण क्षमता को बढ़ाने तथा उन्नत कौशल विकास कार्यक्रमों की शुरुआत करने के लिए उठाए गए कदमों में निम्नलिखित शामिल हैं:-

i. प्रशिक्षुओं के लिए 7 मंजिला छात्रावास का निर्माण।

ii. कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), मशीन लर्निंग (एमएल), डाटा विश्लेषण, जूनियर इम्बेडेड डेवलपर, विजुअल इफेक्ट्स (वीएफएक्स) एसोसिएट आदि के क्षेत्र में एनआईईएलआईटी ''ओ'' लेवल पाठ्यक्रमों तथा अल्पावधि पाठ्यक्रमों जैसे उन्नत कौशल विकास कार्यक्रम की शुरुआत।

(घ) : सीटीटीसी कोलकाता ने प्रौद्योगिकी समन्वय संबंधी कार्यकलापों के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) खड़गपुर के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों की स्थानीय उद्योग संघों, शिक्षाविदों और शासी परिषद जैसे भारतीय प्लास्टिक फेडरेशन और जाधवपुर विश्वविद्यालय के सदस्यों द्वारा विधीक्षा की जाती है।

*****